***Regarding need to run a train between Ayodhya and New Delhi-Laid**

श्री लालजी वर्मा **(**अम्बेडकर नगर**) :** अकबरपुर, अम्बेडकरनगर एवं अयोध्या धाम से कोई भी ट्रेन नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए नही चलती है जबकि अयोध्या धाम एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान है । साथ ही साथ अकबरपुर जंक्शन, गोशाईगंज, अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैण्ट स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का अभाव है । अतः सरकार से मांग है कि अयोध्या धाम अथवा अयोध्या कैण्ट से कम से कम एक ट्रेन नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए चलायी जाय । साथ ही साथ उपरोक्त स्टेशनों पर यात्री सुविधायें भी बढ़ायी जाए ।